Riya Saha
11/04/2019.

## ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

1ST TERM EXAMINATION - 2019

CLASS: 10

SUB:HINDI F.M. 75

TIME: 2HOURS 30 Minutes DATE 10. 04 .2019

---

### GROUP – A

**1.निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुन कर लिखे |** **1x15=15**

1) "उसने कहा था" किस विधा की रचना है ?

उ.iv) कहानी।

2.कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर किस पर जय पाने की कामना करते है ?

उ. i) दु:ख पर।

3.अपर्णा अपने माता- पिता के साथ कहाँ घूमने जाने वाली थी ?

उ.ii) जगन्नाथ पुरी।

4.चन्दधर शर्मा गुलेरी जी ने कुल कितनी कहानियाँ लिखी है?

उ.i)तीन।

5."तू बिल्कुल न डर | सत्य में आज भी बड़ी शक्ति है |"-----किसका कथन है ?

उ.iv) अपर्णा के पिताजी।

6.नक्षत्रलोक किसकी रचना है ?

उ.iv) गुणाकर मुले।

7.रवीन्द्रनाथ ने किस संस्था की स्थापना की ?

उ.i) शांतिनिकेतन ।

8.ममता कालिया किस पत्रिका के संपादन का कार्य कर रही है ?

उ. iii) हिंदी।

9..................... मराठी भाषी होने के बावजूद पचास वर्षों से अधिक समय तक हिंदी में लेखनकार्य से जुड़े रहे |

उ. iii) गुणाकर मुले।

10."तुम अपनी फाइल लायी हो ?" ----------यह किसका कथन है ?

उ.ii) सिंह साहब।

11."हंसो हंसो जल्दी हंसो" किसकी रचना है ?

उ. i) राघुवीर सहाय।

12.वाक्य में क्रिया का फल जिस पर पड़ता है उसे कहते है -----

उ. ii)कर्म कारक।

13.संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से पृथक होने का अर्थ प्रकट हो, उसेकहते है -----

उ. iii) अपादान कारक।

14.हिंदी में कितने कारक होते है ?

उ. iv) आठ।

15 तालाब में कमल खिले है" -----इस वाक्य में कौन सा कारक है ?

उ. i) अधिकरण कारक।

**2.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **1x15=15**

1.धुमकेतू से आप क्या समझते है ?

उ. आकाश का जो दृश्य धुए की पताका जैसा दिखाई देता है, उसे 'धुमकेतू' कहा जाता है।

2. ट्रिलाजी किसकी रचना है?

उ. ट्रिलाजी 'हेनरिक सेंकेविच' द्वारा रचित रचना है ।

3.बचपन में मिली लड़की लहना सिंह के सामने किस रूप में आई ?

उ. बचपन में मिली लड़की लहना सिंह के सामने सूबेदारनी के रूप में आई।

4.रामदास की हत्या किस प्रकार की गयी ?

उ. रामदास की हत्या चाकू द्वारा बीच सड़क पर की गई।

5.आत्मत्राण कविता के कवि कौन है?

उ. आत्मत्रण कविता के कवि रवीन्दानाथ ठाकुर है।

6.अपर्णा पर क्या इल्जाम लगाया गया था ?

उ. अपर्णा पर रुपयों के घपले का इल्ज़ाम लगाया था।

7.तेरी कुडमाई हो गयी --- यह किसका कथन है ?

उ. 'तेरी कुडमाई हो गयी'------ यह लहनासिंह का कथन है ।

8.पाश्चात्य ज्योतिष में धुमकेतु को क्या कहते है ?

उ.पाश्चात्य ज्योतिष में धुमकेतू को 'कॉमेट' कहते है।

9.रघुवीर सहाय को किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?

उ. रघुवीर सहाय को अपनी ' लोग भूल गए' रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला।

10.कर्ता कारक का विभक्ति चिन्ह क्या है ?

उ. करता कारक का विभक्ति चिन्ह 'में' है ।

11.राम ने वाण से रावण को मारा | (शुद्ध कारक का प्रयोग करके दोबारा वाक्य लिखिए)

उ. राम ने रावण को बाण से रावण को मारा।

12.नई जानकारी के अनुसार हेली के धूमकेतु का नाभिक कितना है ?

उ. नई जानकारी के अनुसार हेली के धुमकेतू का नाभिक '16 X 9 किलोमीटर' है।

13.लहनासिंह कितने नंबर राइफल्स का जमादार था ?

उ. लहनासिंग '77' नंबर राइफल्स का जमादार था।

14.अपर्णा बैंक में काम करने से पहले कहाँ काम करती थी ?

उ. अपर्णा बैंक में कम करने से पहले 'विश्वकर्मा डिग्री कॉलेज' में काम करती थी।

15.माँ भगवान मुझे स्वर्ग में असली वायलिन देगा -------यह किसका कथन है ?

उ. माँ भगवान मुझे स्वर्ग में असली वायलिन देगा-------- यह ' नन्हा संगीतकार' का कथन है।

**GROUP -B**

**3.प्रत्येक खंड से प्रश्नों का उत्तर दीजिए |** **(3x2=6)**

खंड - क

1).खड़ा हुआ वह बीच सड़क पर

दोनों हाथ पेट पर रख कर

सधे कदम रख कर के आए

लोग सिमट कर आँख गड़ाएं

लगे देखने उसको जिसकी तय था हत्या होगी

i)प्रस्तुत अंश किस पाठ से लिया गया है ?

उ. प्रस्तुत अंश 'रामदास' पाठ से लिया गया।

ii)प्रस्तुत अंश का अर्थ लिखिए |

उ. दिए गए पंक्ति को आधार बनाकर लिखे गए उत्तर पर विचार किया जाएगा।

अथवा

2.अधिकरणकारक से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित परिभाषा लिखे |

उ. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रुप से क्रिया के आधार का बोध हो, उसे अधिकरण कारक कहा जाता है।

उदाहरणार्थ----१. बच्चे कक्षा में पढ़ रहे हैं।

२. पँछी आसमान में उड़ रहे हैं।

खंड - ख

2).मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही

केवल इतना रखना अनुनय----

वहन कर सकूँ इसको निर्भय |

नत शिर होकर सुख के दिन में

तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में |

i)प्रस्तुत अंश के कवि का नाम लिखिए |

उ. प्रस्तुत अंश के कवि का नाम है - रवीन्द्रनाथ ठाकुर।

ii) दिए गये पद्यांश का अर्थ लिखे |

उ. प्रस्तुत पंक्ति को आधार बनाकर लिखे गए उत्तर पर विचार किया जाएगा।

**अथवा**

2.वायलिन की सुन्दरता का वर्णन कीजिए |

उ. वायलिन की सुन्दरता का वर्णन

चद्रमा अपने पूरे शबाब के साथ आसमान में दमक रहा था। कमरे के भीतर उसकी किरणें वायलिन पर सिमट गया और वायलिन रोशनी में नहा उठा। घने अँधेरे के बीच दूधिया रोशनी में वायलिन चमक रहा था।उसके तार, गर्दन, किनारे सब साफ दिखाई दे रहे थे। वायलिन का गज भी जादूई छड़ी जैसा प्रतीत हो रहा था।

**(iii)कारक अलग कीजिये |** **(4)**

i) राम ने लिखा |

उ. राम ने।

ii) क्या तुम कलम से लिख रहे हो ?

उ. कलम से।

iii) बालक ने पुस्तक पढ़ी |

उ. बालक ने, पुस्तक ।

iv) पेड़ से पत्ते गिर रहे है |

उ. पेड़ से

**GROUP - C**

**4.प्रत्येक खंड से एक - एक प्रश्न का उत्तर लिखे |** **(5x4=20)**

खंड क

i)रामदास कौन था ? उसकी हत्या के लिए वास्तविक रूप से कौन - कौन से कारण जिम्मेदार थे ?

उ. "रामदास" कविता में 'रामदास' एक काल्पनिक पात्र था। उसकी हत्या के लिए वास्तविक रूप से निम्नलिखित कारण जिम्मेदार थे :-

i)न्याय व्यवस्था ii) राजनितिक आतंक iii) गरीबों का शोषण iv) निष्पक्ष व्यक्ति

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तर की जाँच की जाएगी।

अथवा

ii)आत्मत्राण कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखे |

उ. आत्मत्राण कविता रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित एक प्रार्थना गीत हैं । जिसमे उन्होंने ईश्वर पर भरोसा रखते हुए कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए ईश्वर से शक्ति की मांग की है।

वे ईश्वर से दुखों से छुटकारा पाने की बजाय उसे सहकर उसका समाधान करना चाहते है।

खंड ख

i) "उसने कहा था"लहना सिंह के प्रेम के बलिदान की कहानी है" ------ पठित पाठ के आधार पर उत्तर लिखे |

उ. बचपन में मिली लड़की लहनासिंह के लिए भले ही अनजान थी। लेकिन लहनासिंह के मन में उस लड़की के प्रति आकर्षण तब से ही था।

कहानी के दूसरे भाग में जब वह लड़की सूबेदारनी के रूप में लहनासिंह के सामने आती है, तब भी वह अपने कर्तव्य का पालन करते हुए निस्वार्थ भाव से उससे प्रेम करते हुए मृत्यु के घाट में उतर जाता है।

अथवा

ii) नन्हा संगीतकार कहानी के जरिये लेखक क्या संदेश देना चाहते है ?

उ. नन्हा संगीतकार कहानी के जरिये लेखक निम्न संदेश देना चाहता है----

i) गरीबों की मार ii) सामाजिक परिस्थिति iii) बाल शोषण iv) कमज़ोरो का शोषण v) प्रतिभाओं को नकारना

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जाँच की जाएगी ।

खंड ग

i)धूमकेतु के बारे में प्राचीन काल में क्या अवधारणा थी ?

उ. प्राचीन काल में धूमकेतु को भयंकर खतरे का सुचक माना जाता था। छठी सदी के महान ज्योतिष 'वराहमिहिर' ने अपने व्रिहत्सन्हिता ग्रंथ के 'केतुचार' अध्याय में धूमकेतु को विनाशक कहते हुए उसे शुभाशुभ फलो का जिम्मेदार माना है। महाभारत में भी धुमेकेतू को महाभयंकर एवम् युद्ध का सुचक माना है।

अथवा

ii)धूमकेतुओं की बनावट का संक्षिप्त करे |

उ. धूमकेतुओं की बनावट क संक्षिप्त वर्णन निम्न प्रकार से हैं–

i) नाभिक ii) सिर iii) पूंछ।

इन बिंदुओं को आधार बनाकर उत्तरों की जाँच की जाएगी।

खंड - घ

i)जाँच अभी जारी है कहानी के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिये |

उ. जांच अभी जारी है कहानी के प्रमुख पात्र अपर्णा है, जिसका चरित्र चित्रण इस प्रकार है-----

i) दूरदर्शी नारी ii) आदर्शवादी नारी iii) परिश्रमी नारी iv) स्वप्नद्रष्टा v) स्वावलंबी नारी

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जाँच की जाएगी।

अथवा

ii)जाँच अभी जारी है कहानी की मूल समस्या पर विचार कीजिए |

उ. "जांच अभी जारी हैं" कहानी की मूल समस्या निम्नलिखित हैं -----

i) भ्रष्टाचार ii) नारी शोषण iii) समाज में नारियों को हीन दृष्टि से देखना iv) बैंक या सरकारी नौकरी में उच्च अधिकारियों द्वारा अन्य अधिकारियों का शोषण।

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जाँच की जाएगी।

**5.हिंदी में अनुवाद कीजिये |(5)**

Newspaper reading has become an essential part of our life. As we get up in the morning , we wait eagerly for the daily paper. Twentieth century was an age of newspaper. Press is the third eye of man. Through it we gather information about different countries of the world.

उ.अखबार पढ़ना हमारे जीवन का एक अनिवार्य अंग बन गया है सुबह उठते ही हम बेसब्री से दैनिक पत्रों का इंतेज़ार करते हैं। 20 वी शताब्दी समाचार पत्रों का एक युग था। मुद्रण मनुष्य का तीसरा आँख है। हालाँकि हम दुनिया के विभिन्न देशों के बारे में जानकारी एकत्र करते हैं।

अथवा

The relation between man and trees is as old as the history of mankind itself .They are useful to us in many ways . They bring about rainfall and thus play a key role in the change of climatic conditions. They prevent soil erosion by binding the soil with their roots.

उ. मनुष्य और वृक्षों के बीच का सम्बंध मानव जाति के इतिहास के रुप में पुराना है। वे कई मायनों में हमारे लिए उपयोगी हैं। वे वर्षा लाते हैं और इस प्रकार जलवायु परिस्थियों के परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे मिट्टी को अपनी जड़ों से बाँधकर मिट्टी के अपरदन को रोकते हैं।

**6.किसी एक विषय पर निबंध लिखे ।** **10x1=10**

i.भारत में बेरोजगारी - कारण एवं उपाय

उ. i) भूमिका ii) मूल बिंदुओं का विस्तार से वर्णन iii) निष्कर्ष।

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जांच की जाएगी।

ii.स्त्री शिक्षा का महत्व

उ. i) भूमिका ii) मूल बिंदुओं का विस्तार से वर्णन iii) निष्कर्ष।

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जांच की जाएगी।

iii.देश की प्रगति में विद्यार्थी का योगदान

उ. i) भूमिका ii) मूल बिंदुओं का विस्तार से वर्णन iii) निष्कर्ष।

इन बिन्दुओं के आधार पर उत्तरों की जांच की जाएगी।